कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

दुर्ग सेक्टर व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज विजेता

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला व्हॉलीबाल की टीम ने सेक्टर स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्ना. महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में जिले की दस टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको भिलाई तथा गर्ल्स कॉलेज दुर्ग के बीच खेला गया। इस मैच में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग की टीम ने एकतरफा मैच खेलते हुए स्वरूपानन्द महाविद्यालय की टीम को बड़े अंतर से पराजित किया। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से महिला व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की टीम लगातार विजयी रही है। महाविद्यालय की टीम की कप्तान – कु. प्रिया शिखा एवं टीम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बधाई दी है।

दुर्ग सेक्टर की टीम घोषित कर दी गई है जिसमें महाविद्यालय की पाँच छात्राओं ने जगह बनाई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गुरूकुल महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित की जा रही है।

विजेता टीम में तोमेश्वरी जंघेल, दीप्ती राठौर, अनुष्का निषाद, निरजरा तांडी, राखी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अन्य खिलाड़ी थे प्रियंका साव, डोना साहू, कविता जेना, करिश्मा हिडको, अनुराधा कावड़े, टीम मैनेजर–डॉ. ऋतु दुबे तथा प्रशिक्षक सुश्री दिव्या साहू एवं सुश्री मधु थी।

महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव सदस्य श्री जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)